## मदमस्त हाथी ने अपनी देखभाल करने वाले वनकर्मी को कुचला

**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ताला परिक्षेत्र में स्थित आमानाला हाथी कैंप में एक दुखद घटना सामने आई है। कैंप के 22 वर्षीय हाथी अष्टम ने अपने ही देखभाल करने वाले वनकर्मी नागेन्द्र सिंह(25) को कुचल दिया।



बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के इस हाथी का नाम है अष्टम

घटना के समय हाथी मद की अवस्था में था। परिक्षेत्र अधिकारी पुष्पा सिंह ने बताया कि नागेन्द्र नियमित रूप से अष्टम की देखभाल करता था।

क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय के अनुसार, जब हाथी मद में होता है, तो वह आक्रामक हो जाता है। ऐसी स्थिति में उससे दूरी बनाना आवश्यक होता है। उससे किसी भी प्रकार का कार्य नहीं कराया जाता। हाथी को भोजन के लिए जंगल में छोड़ दिया जाता है।नागेन्द्र अपने परिवार का बड़ा बेटा था। उसके परिवार में माता-पिता, भाई और बहन हैं। घटना की सूचना मिलते ही टाइगर रिजर्व के अधिकारी मौके पर पहुंचे। मानपुर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है।

अष्टम का जन्म बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 13/10/2002 को जन्म हुआ था। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उपसंचालक पीके वर्मा ने बताया कि नागेन्द्र सिंह अष्टम की लगभग एक साल से देखरेख कर रहा था। परिवारजनों को आठ लाख रुपए की मुआवजा राशि मिलेगी।

## बाइक से कर रहे थे अंग्रेजी शराब की तस्करी, दो गिरफ्तार

**शहडोल, देशबन्धु।** नशे के विरूद्ध ब्यौहारी पुलिस ने बडी कार्यवाही करते हुए 54 लीटर से अधिक अंग्रेजी शराब जप्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शहडोल राम जी श्रीवास्तव द्वारा अवैध गतिविधियों मे संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही का निर्देश अधीनस्थ स्टाफ को दिया जा रहा है।

ब्यौहारी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि राजकुमार पटेल निवासी मनटोला और उसके साथी रामशिरोमणि पटेल निवासी बिजहा, रामदेव पटेल निवासी भोगिया मोटर सायकल से भारी मात्रा मे अंग्रेजी शराब ट्राली बैग, पिट्ठू बैग एवं बोरियों मे रखकर देवलोंद तरफ से ब्यौहारी की ओर आ रहे हैं।सूचना पर ब्यौहारी थाना प्रभारी अरुण कुमार पाण्डेय द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित कर न्यायालय के सामने शहडोल रीवा मार्ग पर बैरिकेटिंग कर चेकिंग लगाई गई। जो एक मोटरसायकिल मे तीन व्यक्ति ट्राली बैग, पिट्ठू बैग एवं बोरी लिये मिले जो पीछे बैठा व्यक्ति पुलिस को देखकर बोरी फेककर गाडी से कूदकर भाग गया शेष 02 व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर मोटर सायकल चालक ने अपना नाम रामशिरोमणि पटेल निवासी बिजहा तथा जो व्यक्ति मोटर सायकल से कूदकर भाग गया उसका नाम राजकुमार पटेल निवासी मनटोला बताया और दूसरा व्यक्ति अपना नाम रामदेव पटेल निवासी भोगिया वार्ड क्रमांक 04 ब्यौहारी बताया।

बैग, बोरी की तलाशी लेने पर ट्राली बैग के अंदर इम्पीरियल ब्ल्यू कम्पनी के 12 नग बाटल अंग्रेजी शराब एवं 8 पीएम कम्पनी के 12 नग बाटल अंग्रेजी शराब मिला तथा पिट्ठू बैग के अंदर रायल चैलैंज कम्पनी के 40 नग पाव अंग्रेजी शराब मिले एक बोरी के अंदर 160 नग गोवा व्हीस्की कम्पनी के पाव मिला। एक नग मोटर सायकिल एवं 01 नग मोबाइल उक्तानुसार कुल कीमत करीबन एक लाख रुपए से अधिक का मसरूका पुलिस ने जप्त किया है।

## जंगल में आग लगाने से बाज आएं

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के बनौदा-बारबसपुर जंगलों में महुआ बीनने और जंगली जानवरों को भगाने के लिए लगाई जा रही आग अब विकराल रूप धारण कर रही है। हाल ही में बनौदा-बारबसपुर के बीच राजस्व क्षेत्र में महुआ वृक्ष के नीचे लगाई गई आग तेज हवाओं के चलते जंगल तक फैल गई। इस आग ने देखते ही देखते कई एकड़ वन क्षेत्र को चपेट में ले लिया।

वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी लगातार आग बुझाने में जुटे हुए हैं, लेकिन ग्रामीणों की लापरवाही के कारण स्थिति बार-बार गंभीर हो रही है। वन विभाग ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे जंगलों में आग न लगाएं और पारंपरिक प्रथाओं को छोड़कर पर्यावरण की रक्षा में सहयोग करें। यदि कोई व्यक्ति जंगल में आग लगाते हुए पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

वन विभाग के अनुसार, स्थानीय ग्रामीणों को प्रतिदिन जागरूक किया जा रहा है कि वे जंगल में आग न लगाएं, क्योंकि इससे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचता है। इसके बावजूद परंपरागत सोच के कारण लोग महुआ बीनने के लिए पेड़ों के नीचे सूखी पत्तियों में आग लगा रहे हैं। उनका मानना है कि इससे महुआ साफ हो जाता है और बीनने में आसानी होती है। इसके अलावा, जंगली जानवरों के डर से भी कुछ लोग आग जलाते हैं, जिससे जंगलों में आग तेजी से फैल जाती है।

वन विभाग की कड़ी मशक्कत वन परिक्षेत्र पाली के अधिकारी और कर्मचारी दिन-रात आग बुझाने में जुटे हुए हैं। सुरक्षा श्रमिक भी अपनी ड्यूटी निभाते हुए आग पर काबू पाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। कई जगहों पर आग बुझाने के लिए पानी के टैंकरों और परंपरागत तरीकों का उपयोग किया जा रहा है, लेकिन बार-बार आग लगने की घटनाएं वन विभाग के लिए चुनौती बन गई है।

वन अधिकारियों का कहना है कि जंगल की आग से न केवल वनस्पति को नुकसान पहुंचता है, बल्कि जंगल में रहने वाले जीव-जंतु भी प्रभावित होते हैं। आग के कारण छोटे जीवों का जीवन खतरे में पड़ जाता है। वहीं, बड़े जानवरों को अपना बसेरा छोड़कर अन्यत्र भागना पड़ता है। इससे जंगल के पारिस्थितिक संतुलन पर गहरा असर पड़ता है।

### सार-समाचार

## युवती का दैहिक शोषण करने वाला गिरफ्तार

**शहडोल, देशबन्धु।** ब्यौहारी पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ बलात्कार करने वाले एक आरोपी गिरफ्तार किया है। फरियादिया द्वारा ब्यौहारी थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी कि रवि कुशवाहा कुशवाहा निवासी कछियान मोहल्ला ब्यौहारी जिससे मेरी जान पहचान हो गई थी, जो मेरे साथ शादी का झांसा देकर पहली बार गलत काम (दुष्कर्म) मार्च 2019 में किया था। इसके बाद से लगातार दिनांक 24 मार्च 2025 तक मेरे से गलत काम (दुष्कर्म) किया है, जब मेरे द्वारा शादी के लिये बोला गया तो शादी करने से मना करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। जिस पर थाना ब्यौहारी में दुष्कर्म एवं एससी/एसटी की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी की लगातार पता तलाश कर 28 मार्च को आरोपी रवि कुशवाहा उम्र 34 वर्ष निवासी कछियान मोहल्ला ब्यौहारी को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया जिसे माननीय न्यायालय के आदेश से जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी ब्यौहारी निरीक्षक अरूण कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन मे उनि. बी.के. तिवारी, प्रधान आरक्षक नारेन्द्र उपाध्याय, आरक्षक अमृत यादव एवं अजीत यादव द्वारा की गई।

## शराबी की मौत, रात भर घर नहीं लौटा

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के इंदवार थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति का शुक्रवार को शव मिला। कुशमाहा खुर्द में मिले शव की पहचान जीवन बैगा (52) के रूप में हुई है।पुलिस के मुताबिक, गुरुवार की रात जीवन शराब के नशे में था और वह अपने घर नहीं लौटा। अगली सुबह उसका शव मिलने की सूचना मिली। घटना की जानकारी मिलते ही इंदवार पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। एएसपी प्रतिपाल सिंह ने बताया कि मौत की सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही स्पष्ट हो पाएगी। पुलिस ग्रामीणों और परिजनों से पूछताछ कर रही है।

## राज्य स्तरीय सेपक टकरा प्रतियोगिता का शुभारंभ



**शहडोल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश सेपक टकरा के महासचिव प्रतीक केशरवानी ने जानकारी देते हुए बताया की 28 से 30 मार्च तक विचारपुर के बालक क्रीड़ा परिसर शहडोल में राज्य स्तर सेपक टकरा ओपन प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। जिसमें प्रदेश के 25 जिले से 370 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे है। यहां सभी खिलाडी और जिला प्रभारी प्रशिक्षक की आवास और भोजन की व्यवस्था भी क्रीड़ा परिसर में ही की गई है। चयनित खिलाड़ियों को आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में सम्मिलित किया जाएगा। उक्त प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह मे मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि रईस अहमद सहायक संचालक खेल, सफदर हुसैन बोहरा संचालक बेलवेदर स्कूल,

मध्यप्रदेश के सह सचिव आशीष मिश्रा, शहडोल जिला संघ के अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव, जिला सचिव रामकिशोर चौरसिया, सह सचिव संजय सिंह कंघीकार, कोषाध्यक्ष युवराज सिंह, अजय सोंधिया एवं दयानन्द सोधिया खेल युवा कल्याण विभाग, क्रीड़ा परिसर संचालक पुष्पराज सिंह जिला अध्यक्ष क्रीड़ा भारती, कामले सिंह, उमंग चतुर्वेदी प्रभारी सागर संभाग, अमित पुष्पद, पंकज राजपूत, साहिल जयसवाल सहित अन्य रेफरी और प्रशिक्षक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्री श्रीवास्तव ने गेंद को किक करके प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया।

## आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**शहडोल, देशबन्धु।** कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से विधायक जयसिंहनगर मनीषा सिंह की अनुशंसा पर आदिति मिश्रा पिता अशोक कुमार मिश्रा निवासी वार्ड नंबर 28 पुरानी बस्ती शहडोल को बीमारी उपचार हेतु 50 हजार रुपए, उमा तिवारी पति अशोक तिवारी वार्ड नंबर 2 हनुमान मंदिर के पास सोहागपुर को उपचार हेतु 1 लाख रुपए, द्रौपती सिंह पति राजेश सिंह पचगांव जिला शहडोल को उपचार हेतु 75 हजार रुपए एवं रियांशी राय पिता रवि राय निवासी नरसरहा डिपो के पास सोहागपुर शहडोल को उपचार हेतु 1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

## तिखना -जोहिला संगम बन सकता है आकर्षक पर्यटन स्थल

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के पाली विकास खंड की प स वृत्त कठई वन परिक्षेत्र मानपुर जो प्राकृतिक वन संपदा से हरी भरी लहलहा रही है,वहीं पर अमर कंटक की मैकल पर्वत श्रृंखला से बहते हुए विशाल स्वरूप में जोहिला कठई घने जंगलों से गुजरती है वहीं पर घुनघुटी के जंगल से निकलता तिखना नाला जो जोहिला नदी में आकर समाहित हो रही है।



यह संगम का नजारा देख कर हर एक दर्शक का मन मुग्ध हो जाता है।संगम स्थल से उत्तर दिशा में लगभग दो -तीन किलोमीटर दूर तक जोहिला नदी में जो जल भराव भीषण गर्मी में भी वातावरण में ठंडक फैला रही है।

जोहिला नदी में नाव की सैर शुरू करा दिया गया है।यह क्षेत्र वर्तमान में राष्ट्रीय उद्यान बांधवगढ़ क्षेत्र के बफर जोन में आता है। बैरियर नाका चिनकी के पास से दो पहिया - चार पहिया वाहनों के माध्यम से इस जोहिला संगम तक लोग आसानी से पहुंच सकते हैं। बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान में हजारों पर्यटको का आना-जाना लगातार बना रहता है, बताया जाता है कि बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान प्रबंधन इस स्थल को भी इको पर्यटक स्थल बनाने की प्रक्रिया पूर्ण कर लिया है।स स्थल में इको पर्यटन प्रारम्भ होने से स्थानीय लोगो का बेहतर आमदनी का जरिया बन सकता है ,साथ ही शासन के खजाने भरने का भी माध्यम बन सकता है।

## धनपुरी में बन रहा वाटर पार्क और स्विमिंग पूल

**शहडोल, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती रविंदर कौर छावड़ा के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद द्वारा धनपुरी नगर के विकास के लिए अनेकों कदम उठाए जा रहे हैं। कई ऐसे कार्य चल रहे हैं जो न सिर्फ कोयलांचल के लोगों बल्कि शहडोल जिले के लोगों के लिए भी सौगात होगी। इन्हीं में एक है वाटर पार्क, स्विमिंग पूल, क्लब हाउस, रैन डांस, रेस्टोरेंट, पार्किंग व अन्य विकास कार्य। नगर पालिका परिषद धनपुरी द्वारा धनपुरी में 25 करोड़ रुपए की लागत से इसका निर्माण कार्य कराया जा रहा है। यह वाटर पार्क व अन्य कार्य लगभग 10.30 एकड़ भूमि में होंगे। मध्य प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री और शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने शुक्रवार को धनपुरी नगर पालिका क्षेत्र में नगर पालिका द्वारा निर्माण कराए जा रहे वाटर पार्क, स्विमिंग पूल व अन्य विकास कार्यों का अवलोकन किया।



उपमुख्यमंत्री ने विकास कार्यों का किया अवलोकन

इस दौरान उप मुख्यमंत्री वह जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए जुनून और जज्बे की जरूरत होती है, जो धनपुरी नगर पालिका क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों में है। उन्होंने कहा कि धनपुरी नगर पालिका द्वारा बनाए जा रहे वाटर पार्क, स्विमिंग पुल व अन्य विकास कार्यों से धनपुरी के लोग ही नहीं बल्कि शहडोल संभाग के लोग भी इससे लाभांवित होंगे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि धनपुरी नगर पालिका सशक्त नगर पालिका है और इसे अधिक विकसित करने का संकल्प ले और उसे पूरा करें। जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी ने भी कार्यक्रम संबोधित किया।

इस अवसर पर जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह, नगर पालिका परिषद धनपुरी की अध्यक्ष रविंदर कौर, नगर पालिका परिषद धनपुरी के उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा, इंद्रजीत सिंह छाबड़ा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी धनपुरी पूजा बुनकर उपस्थित थे।

## उप मुख्यमंत्री ने फुटबॉल खिलाड़ियों को वितरित की खेल सामग्री

**शहडोल, देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने शुक्रवार को शहडोल के मिनी ब्राज़ील विचारपुर मैदान पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी सपना गुप्ता, सानिया कुंडे, सुहानी कोल सहित अन्य फुटबॉल खिलाड़ियों को किट, फुटबॉल सहित अन्य खेल सामग्री का वितरण किया।



उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का वास्तविक खेल फुटबॉल है और फुटबॉल मानसिक, शारीरिक संतुलन बनाने का खेल है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा शहडोल के 卐मिनी ब्राज़ील

के नाम से पहचान बना चुके विचारपुर का जिक्र कई मंचों पर किया है जहां पर खिलाड़ी चार चार पीढ़ियों से फुटबॉल खेल रहे है। उन्होंने कहा कि मिनी ब्राज़ील विचारपुर के लगभग हर घर में राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी हैं जो राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर प्रदेश, संभाग, जिले का नाम रोशन कर रहे हैं यह विंध्य प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि मिनी ब्राज़ील ग्राम विचारपुर के बच्चे बचपन से ही फुटबॉल का खेल खेल रहे हैं और फुटबॉल के अलावा कोई भी खेल में रुचि नहीं रखते हैं। उन्होंने कहा कि नेचुरल प्रतिभा निखरना आसान होता है, इसके लिए प्रशासन भी पूरा सहयोग करेगा। उन्होंने फुटबॉल खेल को प्रोत्साहित करने के लिए कोच रईस अहमद व अन्य फुटबॉल कोचों के द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना भी की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मिनी ब्राज़ील विचारपुर मैदान को विकसित कर खिलाड़ियों को और अच्छी सुविधाएं प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि 1.50 करोड़ रूपये की लागत से विचारपुर बैगा बस्ती से ज्ञानोदय स्कूल होते हुये खेल मैदान तक रोड कार्य के निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदाय की जा चुकी है।

## पति से झगड़कर बहू कुएं में कूदी, लोगों ने बचाया

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के अमलाई थाना क्षेत्र के खमरौध गांव में एक 60 वर्षीय व्यक्ति, मुरारी साहू, ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने जानकारी दी है कि उनका शव गांव के नया तालाब के पास एक पेड़ में लटकता मिला।

स्थानीय निवासियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस और जांच शुरू की है। मुरारी साहू पिता स्व. रामलाल साहू के परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, घटना के पीछे एक दुखद घटनाक्रम है। मुरारी साहू की बहू ने एक दिन पहले ही पति से विवाद के चलते कुएं में कूद गई जिसमें वह घायल हुई थीं। तत्काल परिजनों ने उसे कुएं से बाहर निकाल कर स्थानीय अस्पताल में भर्ती करावा गया था। उसकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### दूसरे दिन ससुर ने लगा लिया फंदा

अमलाई थाना प्रभारी जेपी शर्मा ने बताया कि हमने मर्ग कायम कर लिया है और मामले की जांच जारी है। परिजनों के बयान में यह बात सामने आई है कि बहू के मायके पक्ष के लोगों ने मुरारी और उनके परिवार वालों पर गंभीर आरोप लगाए थे, जिसके चलते उन्होंने डर के कारण आत्महत्या का कदम उठाया।

ग्रामीणों और परिजनों के अनुसार जब मुरारी साहू अपनी बहू से मिलने अस्पताल पहुंचे तो उन्हें तिरस्कार और जेल भेजने की धमकी का सामना करना पड़ा। जानकारी के मुताबिक बहू के मायके के लोगों ने मुरारी पर आरोप लगाया था कि उनके परिवार के कारण ही बहू ने कुएं में कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। लोगों ने बताया कि पति-पत्नी का विवाद हुआ था, जिसमें मुरारी की बहू ने कुएं में कूद कर जान देने की कोशिश की। समय रहते ही ससुर और अन्य लोगों ने कुएं से बहू को बाहर निकाला उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया था। उसकी हालत स्थिर है, लेकिन जेल जाने के डर से ससुर ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है।

## गहरा सकता है बिजली संकट

**उमरिया, देशबन्धु।** गर्मी आते ही संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र में यूनिट ठप होने का सिलसिला चालू हो गया है। 210 मेगावॉट क्षमता की दो यूनिट बंद हो गई हैं, जिससे आगामी दिनों में बिजली संकट गहरा सकता है। बताया जा रहा है कि इन यूनिटों को मेंटेनेंस के लिए बंद किया गया है, लेकिन मेंटेनेंस के नाम पर हर साल लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद बार-बार तकनीकी खामियां सामने आ रही हैं।

### गर्मी आते ही ठप होने लगी संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र की यूनिट

संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत आता है और राज्य की प्रमुख बिजली उत्पादन इकाइयों में से एक है। यह संयंत्र प्रदेश की विद्युत आपूर्ति में अहम भूमिका निभाता है, लेकिन मेंटेनेंस के बावजूद बार-बार यूनिटों के बंद होने से सवाल उठने लगे हैं।

स्थानीय कर्मचारियों और बिजली विभाग के सूत्रों का कहना है कि यदि इन यूनिटों को जल्द शुरू नहीं किया गया, तो गर्मी के मौसम में बिजली कटौती की समस्या बढ़ सकती है। पहले से ही बिजली की मांग बढ़ रही है और ऐसे में उत्पादन में कमी प्रदेशभर में संकट खड़ा कर सकती है।

इस मामले में जब मुख्य अभियंता एचके त्रिपाठी से प्रतिक्रिया लेने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। इससे यह सवाल उठता है कि आखिर यूनिटों के बार-बार बंद होने की असली वजह क्या है और इसे लेकर उच्च अधिकारी क्या कदम उठा रहे हैं। राज्य में गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ ही बिजली की मांग में भी इजाफा हो रहा है। वर्तमान में प्रदेश के कई जिलों में पहले से ही अघोषित बिजली कटौती हो रही है, जिससे उद्योग, कृषि और घरेलू उपभोक्ता प्रभावित हो रहे हैं। यदि जल्द ही बंद पड़ी यूनिटों को शुरू नहीं किया गया, तो हालात और बिगड़ सकते हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि बिजली उत्पादन केंद्रों के मेंटेनेंस कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुधारने की जरूरत है, ताकि बार-बार तकनीकी खामियां न आएं। इसके साथ ही अधिकारियों को जवाबदेही तय करनी होगी।

## प्राचीन बावड़ी का किया जाएगा जीर्णोद्धार

**शहडोल, देशबन्धु।** कलेक्टर डॉ केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले में 30 मार्च से 30 जून 2025 तक चलाया जाएगा जल गंगा संवर्धन अभियान। इस अभियान अंतर्गत जिले में कुल 32 प्राचीन बावड़ियों का जीर्णोद्धार कार्य किया जाएगा। जिसमें जनपद पंचायत सोहागपुर में 3, जनपद पंचायत गोहपारू में 5, जनपद पंचायत बुढ़ार में 8, जनपद पंचायत जयसिंहनगर में 13 एवं जनपद पंचायत ब्यौहारी में 3 प्राचीन बावड़ियों का जीर्णोद्धार कार्य किया जाएगा।

## 3746 खेत तालाब बनाए जाएंगे

**शहडोल, देशबन्धु।** कलेक्टर डॉ केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में 30 मार्च से 30 जून 2025 तक जिले में चलाया जाएगा जल गंगा संवर्धन अभियान। इस अभियान के तहत जिले में 3746 नवीन खेत तालाब बनाए जाएंगे। जिसमें जनपद पंचायत सोहागपुर में 599, जनपद पंचायत गोहपारू में 1010, जनपद पंचायत बुढार में 580, जनपद पंचायत जयसिंहनगर में 870 एवं जनपद पंचायत ब्यौहारी में 687 नए खेत तालाब बनाए जाएंगे।

## निविदा प्रक्रिया के तहत ही घी खरीदे बिरासनी मंदिर समिति

**बिरसिंहपुर पाली, देशबन्धु।** बिरासनी मंदिर प्रबंध समिति के व्दारा घी खरीदी कों निविदा प्रक्रिया में शामिल न करने पर नियम विरुद्ध करार देने के लिए नगर के एक व्यवसाई ने उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल कर मांग की थी कि बिरासनी मंदिर प्रबंध समिति के व्दारा मंदिर में प्रयोग में आने वाले घी को निविदा में शामिल न करते हुए एक कंपनी से सीधे खरीदी करने जा रही है। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए आदेश किया गया है कि हम मंदिर प्रबंध समिति अगर घी खरीदी करती है तो उसे निविदा प्रक्रिया के तहत खरीदी की जाये। उच्च न्यायालय ने अपने अहम फैसले में लिखा है कि न्यायालय किसी को खरीदी करने के निर्देश नहीं दे सकती, बशर्ते अगर खरीदी करती है, तो निर्धारित मापदण्ड का पालन किया जायेगा।

इस संदर्भ में संबंधित व्यवसायी व्दारा विगत दिवस आयुक्त शहडोल , कलेक्टर और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाली को आवेदन पत्र जारी कर निवेदन किया है कि चैत्र नवरात्रि में मंदिर प्रबंध समिति में लगने वाले घी की आपूर्ति निविदा के माध्यम से किया जाये।

ध्यान देने योग्य है कि मंदिर प्रबंध समिति के व्दारा निविदा प्रक्रिया में घी



को शामिल नहीं किये जाने पर भी उक्त व्यवसायी के व्दारा प्रशासनिक अधिकारियों से आवेदन पत्र देकर घी को पारदर्शी तरीके से खरीदी किये जाने हेतु आग्रह किया गया था लेकिन मंदिर प्रबंध समिति ने और न ही अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के व्दारा मामले को संज्ञान में नहीं लिया गया। मजबुरन व्यवसायी को उच्च न्यायालय की शरण ली गई।